## ग्राम पंचायत नरवाना खास, विकास खण्ड धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023

## भाग-एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत नरवाना खास, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति सरिता देवी | 01.04.21 से 31.03.23 |

**सचिव :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 . | श्रीमति सविता देवी | 01.04.21 से 31.03.23 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री विजय कुमार | 01.04.2021 से 01.06.2021 |
| 2. | श्री ओंकार दत्त | 02.06.2021 से 05.07.2021 |
| 3. | श्री रोहित कुमार | 06.07.2021 से 16.08.2022 |
| 4. | श्री अजय कुमार | 17.08.2022 से 31.03.2023 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 . | श्री विशाल कुमार | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत नरवाना खास के अवधि 01.04.21 से 31.03.23 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.1 | रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना | 1.70 |
| 2 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 35.81 |
| 3 | 7(क) | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.60 |
| 4 | 8.1 | स्वः स्त्रोत से प्राप्त आय को बैंक खाते में जमा करवाये बिना ही व्यय करना | 0.05 |
| 5 | 8.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों के समर्थन में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में रॉयल्टी की कटौती सुनिश्चित न करने के फलस्वरूप सम्भावित राजस्व हानि | 0.87 |
| 6 | 9(क,ख,ग) | विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु अधिक/अनियमित भुगतान करना | 0.41 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नरवाना खास का गत अंकेक्षण अवधि 04/2018 से 03/2020 के लिये किया गया था जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नानुसार है :-

## अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2018 से 03/2020

| क्र०सं० | पैरा सं० | नवीनतम स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | निर्णित | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 2 | 4 | निर्णित | वित्तीय स्थिति |
| 3 | 5 (1) | अनिर्णित | |
| 4 | 5 (2) | निर्णित | ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 5 | 6 | निर्णित | ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 6 | 7 | निर्णित | ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 7 | 8 | अनिर्णित | |
| 8 | 9 | निर्णित | ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 9 | 10 | अनिर्णित | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | 11 | निर्णित | ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |
| 11 | 12 | अनिर्णित | |
| 12 | 13 | निर्णित | ज़िला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनाँक 10.01.2022 से 12.02.2022 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान |

## भाग – दो

**2. वर्तमान अंकेक्षण**

ग्राम पंचायत नरवाना खास, विकास खण्ड धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक तथा श्री बनीश कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 16.02.2024 से 27.02.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 10/21 | 10/21 |
| 2022-23 | 07/22 | 05/22 |

**<u>अस्वीकरण (Disclaimer):-</u>** *इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹6400/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक

के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला -171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 07/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/71 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि अंकेक्षण शुल्क की राशि को ग्राम पंचायत की बैठक में पारित करके शीघ्र ही बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेज दिया जाएगा।

4. **वित्तीय स्थिति:-**

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 02/2024 दिनांक 16.02.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.21 से 31.03.23 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट** - "**ख** " और " **ग** " में भी दिया गया है:-

**1. स्व: स्त्रोत:-**

| **अवधि** | **अथशेष (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **योग (₹) (कालम 2+3)** | **व्यय (₹)** | **अन्तशेष (₹) (कालम 4-5)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 2021-22 | 494530.00 | 113965.00 | 608495.00 | 121394.00 | 487101.00 |
| 2022-23 | 487101.00 | 44862.19 | 531963.19 | 50904.00 | 481059.19 |

**2. अनुदान:-**

| **अवधि** | **अथशेष (₹)** | **प्राप्ति (₹)** | **योग (₹) (कालम 2+3)** | **व्यय (₹)** | **अन्तशेष (₹) (कालम 4-5)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 2021-22 | 4506916.19 | 6926573.00 | 11433489.19 | 7815457.83 | 3618031.36 |
| 2022-23 | 3618031.36 | 5733365.30 | 9351396.66 | 5769997.22 | 3581399.44 |

**कुल योग (1+2)** = 481059.19 + 3581399.44 = **4062458.63**

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2023 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति के तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष **₹42,32,859.63** से सम्बन्धित समाधान विवरणी निम्नानुसार है : -

| क्र० | अनुदान | बैंक | खाता संख्या | बैंक अंत शेष 31.03.23 को |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व: स्त्रोत | PNB योल कैंट | 6710000100029857 | 168153.19 |
| 2 | स्व: स्त्रोत/ 5 वां वित्त / एस०डी०पी/ एल०ए०डी०पी० | KCCB योल कैंट | 20121009825 | 917272.00 |
| 3 | पंचायत समिति | KCCB योल कैंट | 50055835784 | 36439.00 |
| 4 | ज़िला परिषद | KCCB योल कैंट | 50055835795 | 110984.00 |
| 5 | एस०बी०एम० | KCCB योल कैंट | 50055835706 | 0.00 |
| 6 | स्वच्छता समिति | KCCB टंग | 50075336420 | 67746.00 |
| 7 | एस०डी०आर०एफ०/ सी०एम०आर०एफ०/ सी० आर० एफ० | KCCB योल कैंट | 50055835740 | 216899.00 |
| 8 | एम०पी०लेड० | KCCB योल कैंट | 50055835819 | 277065.00 |
| 9 | वी०के०वी०एन०वाई० | KCCB योल कैंट | 50055835660 | 284561.00 |
| 10 | 14 वां वित्तायोग | KCCB योल कैंट | 50055818094 | 0.00 |
| 11 | 14 वां वित्तायोग | IDBI योल कैंट | 1106104000044891 | 36745.00 |
| 12 | 15 वां वित्तायोग | PNB योल कैंट | 6710000100065442 | 2116287.44 |
| 13 | हस्तगत शेष (स्व: स्त्रोत) | | | 683.00 |
| 14 | हस्तगत शेष (स्वच्छता समिति) | | | 25.00 |
| | | | **कुल जोड़** | 4232859.63 |
| | बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योग | | | ₹4232859.63 |
| | दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :- | | | |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार {पैरा- 4(क)} अन्तशेष :- | | | ₹4062458.63 |

| | | |
|---|---|---|
| | पंचायत के बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेष:- | ₹4232859.63 |
| | **अंतर :-** | ₹170401.00 |

**नोट :- अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**4.1 रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹1.70 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना:-**

ग्राम पंचायत की रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में दिनांक 31.03.2023 को **₹170401.00** की राशि का बहुत ज्यादा अन्तर पाया गया। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का बैंक खातों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित एवं गम्भीर आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/68 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार रोकड़ बहियों का बैंक शेषों से मिलान कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: इस अनियमितता के बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए नियमानुसार व अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार कर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.2 खाता "क" तथा "ख" को अलग से नियमानुसार संधारित न करने बारेः -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई संहिता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता-क खोल जाएगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई संहिता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियाँ और प्राप्त ऋण खाता-ख खोल जाएगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के

पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए. (5)सी (15)-(13) (एल) 5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अपनी आय (स्वः-स्त्रोत) के खाते को पृथक नहीं रखा गया था। अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः-स्त्रोत, 5वां वित्त, एस०डी०पी० व एल०ए०डी०पी० शीर्षों के अंतर्गत प्राप्त अनुदानों के लिये नियमों एवं निर्देशों के विरुद्ध एक ही बैंक खाता 20121009825 खोल गया था। इसके अलावा ज़िला परिषद व पंचायत समिति से प्राप्त निधि के आय व्यय को स्वः-स्त्रोत रोकड़ बही में सम्मिलित किया गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/68 दिनांक 27.02.2024 द्वारा उत्तर दिया गया कि भविष्य में नियमानुसार खाता "क" व "ख" को पृथक कर लिया जाएगा व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता के बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये व खाता "क" व "ख" को पृथक करना सुनिश्चित किया जाए और स्वः-स्त्रोत, 5वां वित्त, एस०डी०पी० व एल०ए०डी०पी० अनुदान का पृथक बैंक खाता खुलवा कर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 4.3 वर्गीकृत सार रजिस्टर (Classified Abstract) को न तैयार करने बारे :-

हि०प्र० पंचायती राज {वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते} नियम 2002 के नियम 29 (4) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को फार्म 8 में वर्गीकृत सार को तैयार करते हुए एक आय तथा व्यय के लिये दो भागों में बनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक मद के लिये एक अलग पन्ने पर प्रत्येक आय तथा व्यय के लेन देन के लिये अलग अलग प्रविष्टि की जाएगी। प्रत्येक माह के अन्त में मासिक तथा प्रगतिशील योग के लिये प्रविष्टि की जाएगी। इस सार को बनाए जाने का उद्देश्य आय व्यय को बजट के अनुसार नियंत्रित रखा जाना है। इसके न बनाए जाने के कारण अंकेक्षण के दौरान पंचायत के आय तथा व्यय के आंकड़ों का मिलान बजट के साथ करने में न केवल मुश्किल आई परन्तु आय व्यय विवरणी तथा वित्तीय स्थिति तैयार करने में भी समय की बरबादी हुई है। इस बारे उचित

स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिये नियमानुसार वर्गीकृत सार तैयार करना सुनिश्चित किया जाये।

### 4.4 लेखा खाता /खाता बही (Account Ledgers) तैयार न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता / खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि लेखा खाते/ खाता बहियाँ तैयार नहीं किये गए थे जिसके कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई व किस-किस कार्य पर कितना-कितना व्यय हुआ व कितनी राशि शेष थी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/68 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि लेखा खाता बही को आगामी वित्त वर्ष से संधारित कर लिया जाएगा व इस विषय पर कार्यवाही करके आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा। पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: इस अनियमितता बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 की अवधि की खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बहियाँ /लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5. निवेश

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष पंचायत निधि (स्व:-स्त्रोत) में अतिरिक्त शेष

उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024 दिनांक 15.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GPNK/GEN/72 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि सभा निधि में बकाया अतिरिक्त राशि को नियमानुसार प्रस्ताव पारित करके भविष्य में सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत भविष्य में नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6. अनुदान राशि ₹35.81 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 01/2024 दिनांक 12.02.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " ख " व परिशिष्ट - " ग "** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2023 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹ 35,81,399.44** की राशि उपयोग हेतु शेष थी। उक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/68 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः उक्त मामले में आवश्यक कार्यवाही अमल में लाकर शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी को स्वीकृति प्राप्त करके नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**7. पंचायत राजस्व**

**(क) गृहकर की राशि ₹1.60 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34 (2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण नहीं किया गया था। पंचायत सचिव द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान ₹50 प्रति वर्ष (ए०पी०एल०) व ₹25 प्रति वर्ष (बी०पी०एल०) की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹160325.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.23 को शेष थी। गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण प्रारूप - 10 पर नहीं किया गया था जिससे कि लम्बित गृह कर तथा वसूली का पता लगाया जा सके। गृहकर नियमित रूप से वसूल न करना इस बात की ओर संकेत करता है कि पंचायत अपनी आय बढ़ाने एवं कर उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/68 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इतना अधिक पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया राशियों की शीघ्र नियमित वसूली हेतु वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए व गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**वसूली हेतु शेष गृहकर राशि का विवरण :-**

| वित्तीय वर्ष | अथशेष | परिवारों | गृहकर वार्षिक दर | मांग | योग | प्राप्ति | वसूली हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 93575.00 | 719 | 25/- व 50/- | 33325.00 | 126900.00 | 0.00 | 126900.00 |
| 2022-23 | 126900.00 | 721 | 25/- व 50/- | 33425.00 | 160325.00 | 0.00 | 160325.00 |

## 8. व्यय

### 8.1 स्व: स्त्रोत से प्राप्त आय को बैक खाते में जमा करवाये बिना ही ₹0.05 लाख के व्यय करने बारे:-

हि०प्र० पंचायती राज {वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते} नियम 2002 के नियम 6(3) के प्रावधानानुसार, पंचायत को सभी प्राप्तियों को प्रथमतः बैंक खाते में जमा तथा तदोपरान्त सभी प्रकार के भुगतान को खाते से किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड बही, बैंक पास बुक व सम्बन्धित अभिलेख में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा स्व: स्त्रोत से प्राप्त आय को बैंक में जमा करवाये बिना सीधे ही निम्न विवरण अनुसार **₹4502.00** का व्यय किया गया था जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है, अपितु आपत्तिजनक भी है जिससे पंचायत के स्व:-स्त्रोतों की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

| क्र०स० | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | दिनांक | रोकड़ व्यय जो बैंक के माध्यम से नहीं किया गया | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | 01.04.2021 | कार्यालय व्यय- बिजली बिल | 1200.00 |
| 2 | 01 | 22.04.2021 | कार्यालय व्यय- RTI | 36.00 |
| 3 | 17 | 24.11.2021 | कार्यालय व्यय- बिजली बिल | 546.00 |
| 4 | 24 | 28.01.2022 | कार्यालय व्यय- स्टेशनरी | 1005.00 |
| 5 | 26 | 31.03.2022 | कार्यालय व्यय- स्टेशनरी | 750.00 |
| 6 | 01 | 29.04.2022 | कार्यालय व्यय- स्टेशनरी | 440.00 |
| 7 | 02 | 26.05.2022 | कार्यालय व्यय- स्टेशनरी | 525.00 |
| | | | **कुल योग** | **₹ 4502.00** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/68 दिनांक 27.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार स्व: स्त्रोत से प्राप्त आय को बैंक खाते में जमा करवा दिया जाएगा व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**8.2 राशि ₹25.60 लाख के निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश व मापन पुस्तिका लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक ,तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि कनिष्ठ अभियंता स्तर व तकनीकी स्तर पर करवाए गए विकास/निर्माण कार्यों के प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति व मापन पुस्तिका अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

| क्र०स०/अनुदान | निर्माण कार्य | स्वीकृत वर्ष | स्वीकृत राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. 14वां वित्तायोग | कार्य:- पंचवटी योजना के अंतर्गत सार्वजनिक पार्क सृदल नाला में व्यायाम उपकरण व बच्चों की खेल कूद हेतु झूले स्थापित करना। | 2020-21 | 5,00,000.00 |
| 2. 14वां वित्तायोग | कार्य :- मुरम्मत जीप रोड अरुण देवी के घर से फ़ैनी राम के घर की और वार्ड नं 04 | 2019-20 | 35,000.00 |
| 3. 14वां वित्तायोग | कार्य:- मुरम्मत रास्ता खिड़कु स्कूल के पास | 2020-21 | 50,000.00 |
| 4. 14वां वित्तायोग | कार्य :- निर्माण इंटरलोक जोगिंग ट्रेक सार्वजनिक पार्क सृदल नाला वार्ड नं 04 | 2020-21 | 5,00,000.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. एम० पी०लेड | कार्य:- कंपलीशन सामुदायिक भवन रविन्द्र अवस्थी के घर के पास वार्ड नं 07 | 2017-18 | 1,00,000.00 |
| 6 एम० पी०लेड | कार्य :- निर्माण पक्का रास्ता सुरक्षा दीवार सहित नजदीक श्याम लाल घर वार्ड नं 04 | 2019-20 | 1,50,000.00 |
| 7. एस० डी० आर० एफ० | कार्य :- मुरम्मत रास्ता दीवार कुहल व कंक्रीट रास्ता सुरिन्द्र कुमार के घर से वेदप्रकाश के घर की और साईं स्कूल वार्ड नं 01 | 2020-21 | 3,50,000.00 |
| 8. एस० डी० आर०एफ० | कार्य :- मुरम्मत लिंक रोड अमरनाथ के घर से रमेश चंद के घर की और वार्ड नं 07 | 2021-22 | 3,50,000.00 |
| 9. वी० के० वी० एन०वाई० | कार्य :- निर्माण स्कूल भवन GSS कस्वा नरवाना | 2020-21 | 2,00,000.00 |
| 10.एस०बी०एम० | कार्य :- निर्माण महिला एवं पुरुष शौचालय नजदीक पार्क सृदल नाला | 2020-21 | 2,75,000.00 |
| 11. 15 वित्तायोग | कार्य :- निर्माण रास्ता काली माता मंदिर से बहादुर घर की और वार्ड नं 01 | 2022-23 | 50,000.00 |
| | **कुल योग** | | **₹25,60,000.00** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024 दिनांक 27.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अभिलेखों को लेखा परीक्षा में प्रस्तुत करने को कहा गया था, जिसके प्रत्युत्तर क्रमांक संख्या GPNK/GEN/75 दिनांक 27.02.2024 में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि उक्त कार्यों से संबंधित मापन पुस्तिका, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति आदेश आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएंगे।

अत: हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 101 (2) (III) की अनुपालना सहित उक्त मामले में आवश्यक कार्यवाही अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**8.3 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों के समर्थन में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में रॉयल्टी न वसूलने के कारण सरकार को राशि ₹0.87 लाख के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81 ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी सहित करना होगा।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चयनित माह (11/2021) व (05/2022) रेत, बजरी, पत्थर की खरीद की गयी थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता के खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के सम्बन्ध में उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं को **परिशिष्ट " घ "** पर संलग्न विवरणानुसार **₹86,830.67** का अनियमित भुगतान किया गया था।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024 दिनांक 15.02.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत से इस वित्तीय अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर क्रमांक संख्या 06 दिनांक 15.02.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि शीघ्र ही आपूर्तिकर्ता से वसूली कर ली जाएगी।

अतः **₹86,830.67** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हि. प्र. सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853-Non ferrous mining and Metallurgical Industries,102- Mineral Concession fees and Royalties, 81-Other receipts" में जमा करवाया जाए व इसके अतिरिक्त यहाँ पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अंकेक्षण द्वारा केवल चयनित माह के भुगतानों को रॉयल्टी के लिये जांचा गया है। शेष अवधि में हुए ऐसे भुगतानों की जांच अपने स्तर पर करके नियमानुसार देय रॉयल्टी की वस्तु स्थिति अनुसार वसूली करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9. विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु राशि ₹0.41 लाख का अपेक्षाकृत अधिक/अनियमित भुगतान करना:-**

**(क) निर्माण कार्य भूमि विकास (डंगे का निर्माण) कार्य भूमि संरक्षण हेतु सोहन लाल के घर के पास नाले में वार्ड न 5 में ₹0.12 लाख के अधिक भुगतान बारे :-**

भूमि विकास (डंगे का निर्माण) कार्य भूमि संरक्षण हेतु सोहन लाल के घर के पास नाले में वार्ड न 5 की जांच के दौरान पाया गया कि अनियमित माप गणना के कारण ₹12093.00 का अधिक भुगतान किया गया जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| | |
|---|---|
| कार्य स्वीकृति संख्या: **1304004178/20202021/43938** दिनांक **15.07.2021** | |
| प्रशासनिक स्वीकृति संख्या : **1304004178/2021-2022/43938/AS** दिनांक **15.07.2021** | |
| शेल्फ क्रमांक संख्या : **मनरेगा** | कार्य स्वीकृत राशि : **301443.00** |
| सामग्री मापन का मूल्यांकन : **1,06,326.00** | कुल व्यय राशि : **2,14,797.00** |
| मापन पुस्तिका संख्या : **0110** पृष्ठ संख्या : **18 से 21** | |

***Error: Recording excess width of RD-07 in Item 1, 3 to 5 & one extra RD 11 of 0.9 Mtrs in Item No. 3 & 4 measured, resulting excess measurement***

In item no.1 Excavation in foundation and trenches (Total length measured in Item No. 1 is 3.18+1.3+2.9+3.7+3.5+6.55+**6.0**=27.13 mtrs), RD no. 7 (1x6.00x0.9x0.60) was measured, but while measuring in Item no. 2 "P/L CC (1:6:12) stone aggregate 40mm nominal size (Total length measured in Item No. 2 is 3.18+1.3+2.9+3.7+3.5+6.55=21.13mtrs), RD No. 7 was not taken into measurement. It seems the measurement taken on Item no. 1, 3, 4 & 5 are not possible without filling stone in RD 7 (1x6.00x0.9x0.60) of item No. 2, which means further execution of item No. 3, 4 & 5 do not seem justified in addition to that in item no. 3 one additional length 1x0.90x0.65x0.95 in RD no. 11 was measured extra. Which may also be fully justified and duly checked and verified from the next higher technical authority other wise recovery be effected accordingly.

In addition to above the execution of item No. 4 i.e. "preceding from work after execution of item No. 3, i.e. C.C. 1:3:6 does not seem in order because the execution of item No. 3 is doing executed after form work.

This error has resulted in excess payment as under: -

| Description of Item | Measurement as recorded in MB | Excess Qty measured & paid | Excess Payment (₹) |
|---|---|---|---|
| **Item No. 3** P/L cement concrete 1:3:6 stone aggregate 20mm size<br>**Total length measured in Item no. 3** (3.18+1.3+2.9+3.7+**0.9**+3.5+6.55+**6.0**=28.03) | **M.B. Page 19, Item No. 3: -**<br>**RD 11:**<br>1x0.90x0.65x0.95 =0.556 $M^3$<br>**RD 16 & 17:**<br>1x6.00x0.80x0.30 =1.44 $M^3$ | 7.4 $M^3$ @ ₹576.90/ $M^3$ | 4269.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1x6.00x0.80x1.50 =5.40 $M^3$<br>**Total (RD11+RD16+RD17) = 7.4** $M^3$ | | |
| **Item No. 4** Providing formwork/shuttering work in foundation & wall.<br>**Total length measured in Item No. 4**<br>(3.18+1.3+2.9+3.7+**0.9**+3.5+6.55+**6.0**=28.03) | **Page 20, Item No. 4: -**<br>**RD 7:** 1x2.90x0.25 =0.725 $M^2$<br>**RD 12:** 1x0.90x0.95 =0.855 $M^2$<br>**RD 18:** 1x6.00x1.80 =10.80 $M^2$<br>**Total (RD7+RD12+RD18) = 12.38** $M^2$ | 12.38 $M^2$<br>@ ₹75.20/ $M^2$ | 931.00 |
| **Item 5:-**<br>Boulder filling behind the wall | **Page 20, Item No. 5:-**<br>**RD7:**1x6.00x0.60x1.20=**4.32** $M^3$ | 4.32 $M^3$<br>@ ₹182.70/ $M^3$ | 789.00 |
| | | **Total extra payment** | **5989.00** |
| | | **Total Assessment of material** | **106326.00** |
| | | **Percentage of excess assessment of material (5989/106326X100)** | **5.63%** |
